# झाँसी नगर निगम, झाँसी।

पत्रांक : 434/सदन वि0/न0नि0/2017–18 दिनांकः 21 मार्च ,2018

विषय– मा0 सदन की बैठक दिनाँक 17.03.2018 की कार्यवृत्त का प्रेषण।

महोदय/महोदया,

दिनाँक 17.03.2018 को सम्पादित मा0 सदन की बैठक का कार्यवृत्त आपकी सेवा में सादर संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नकः– यथोक्त्।

भवदीय

(आर0पी0सिंह)
प्रभारी अधिकारी सदन
नगर निगम, झाँसी।

प्रतिष्ठा में,

श्री/~~श्रीमती~~ आई. टी. आफीसर
~~मा0 पार्षदगण/पदेन सदस्य~~
वार्ड क्रमांकः– नगर निगम, झाँसी

# झाँसी नगर निगम, झाँसी।

## बैठक का स्थान :- नगर निगम प्रशासनिक भवन स्थित महारानी लक्ष्मीबाई सभाकक्ष

## समय :- 11:00 बजे पूर्वान्ह

## नगर निगम मा0 सदन की द्वितीय बैठक दिनांक 17.03.2018 का कार्यवृत्त

नगर निगम मा0 सदन की बैठक महारानी लक्ष्मीबाई सभाकक्ष में श्री रामतीर्थ सिंघल मा0 महापौर/सभापति की अध्यक्षता में श्रीमती रमा निरंजन मा0 सदस्य विधान परिषद सहित निर्वाचित पार्षदगणों की उपस्थिति में कोरम पूरा होने पर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुयी।

**नगर आयुक्त जी** ने सभाकक्ष में मा0 महापौर जी, पदेन सदस्य एवं सभी पार्षदगणों तथा पत्रकार बन्धुओं का सदन की बैठक में उपस्थित होने पर हार्दिक अभिनन्दन किया।

**मा0 महापौर जी** ने कहा कि यह अत्यन्त महत्वपूर्ण बैठक है। मा0 उपसभापति, मा0 पार्षदगण, नगर आयुक्त और नगर निगम के सभी अधिकारीगण सभाकक्ष मे उपस्थित है। मूल बजट वित्तीय वर्ष 2018–19 पर चर्चा कर उसे पारित कराना है। इस बजट से नगर के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा यह गम्भीर विषय है। आप सभी से निवेदन है कि सदन की गरिमा बनाये रखें, जिससे संजीदगी नजर आये। मैं आश्वस्त कराना चाहता हूँ कि हम सब नगर के विकास में सहयोग करेंगे।

**नगर आयुक्त जी** ने मा0 महापौर महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुये प्रस्ताव सं0–1 दिनाँक 06.01.2018 की सम्पन्न बैठक की अनुपालन आख्या की पुष्टि को पढ़ा गया।

**निर्णय**– सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव सं0–2**– मूल बजट वित्तीय वर्ष 2018–19 के प्रस्ताव पर विचार।

**श्रीमती सुशीला दुबे मा0 पार्षद** ने कहा कि चार माह हो चुके है, सभी वार्डो में विकास कार्य रूके पडे है। झाँसी नगर में पेयजल की समस्या है अभी से पानी की त्राही–त्राही मची हुयी है। अतः समस्या के निराकरण हेतु सभी वार्डो में पाँच–पाँच हैण्डपम्प लगवाये जाये एवं सभी वार्डों में रूपये पाँच लाख की धनराशि से सडक/नाली पुलिया निर्माण कार्य कराये जाये।

**मा0 महापौर जी** ने कहा कि मा0 पार्षद जी आपकी बात जायज है, सदन दो दिन चलायेंगे पहले बजट पर चर्चा की जाये।

**विचार विमर्श**– श्री राजकिशोर लेखाधिकारी ने मूल बजट वित्तीय वर्ष 2018–19 मा0 कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनाँक 09.03.2018 के प्रस्ताव सं0–1 द्वारा सर्वसम्मति से पारित को मा0 सदन के पटल पर विस्तार से पढ़कर सुनाया।

**नगर निगम, झाँसी**
**मूल बजट वर्ष 2018–19**
**एक नजर में**

**धनराशि लाख रूपये में।**

| क्र0 सं0 | मद का नाम | वास्तविक वर्ष 2016–17 | पुनरीक्षित वर्ष 2017–18 | वास्तविक 31 जनवरी 2018 | मूल वर्ष 2018–19 | कार्यकारिणी द्वारा स्वीकृत | नगर निगम द्वारा स्वीकृत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रारम्भिक अवशेष | 7158.39 | 10911.74 | 16737.16 | 11929.09 | 11929.09 | |
| 2 | आय | 22671.21 | 26974.65 | 16591.64 | 23645.05 | 23645.05 | |
| 3 | योग | 29829.60 | 37886.39 | 33328.80 | 35574.14 | 35574.14 | |
| 4 | व्यय | 13092.44 | 25957.30 | 14780.30 | 23130.30 | 23630.30 | |
| 5 | बचत | 16737.16 | 11929.09 | 18548.50 | 12443.84 | 11943.84 | |
| 6 | योग | 29829.60 | 37886.39 | 33328.80 | 35574.14 | 35574.14 | |

Ramtirth

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

## झाँसी नगर निगम, झाँसी

**मूल बजट वित्तीय वर्ष 2018–19 में नगर निगम के बहुमुखी विकास हेतु मुख्य बजटीय प्राविधानों का संक्षिप्त विवरण।**

आय पक्ष

1. **सामान्य कर/गृहकर मद** 10101 में रू0 1925.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
2. राज्य वित्त आयोग के मद सं014201 **राज्य वित्त आयोग निधि, वेतन पेंशन एवं विकास कार्य** में रू0 12800.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
3. भारत सरकार की **अमृत योजना** के अन्तर्गत बजट मद सं014105 रू0 400.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
4. भारत सरकार की **स्वच्छ भारत मिशन योजना** के अन्तर्गत बजट मद सं014107 रू0 600.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
5. भारत सरकार की **स्मार्ट सिटी योजना** के अन्तर्गत बजट मद सं 14108 रू0 200.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
6. राज्य सरकार की कान्हा गौशाला एवं एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत बजट मद सं0 14303 रू0 200.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
7. राज्य सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बजट मद सं014304 रू0 150.00 लाख का प्राविधान किया गया है।

व्यय पक्ष

1. सातवें वेतन आयोग में दिये गये अनुमन्य प्राविधान एवं प्रत्येक वर्ष शासन के आदेशों के अन्तर्गत नगर निगम कर्मचारियों के वेतन भत्तों आदि पर लगभग 10 प्रतिशत की बृद्धि होती है, तद्नुसार कर्मचारियों के वेतन भत्ते/पेंशन आदि के मदों पर वृद्धि की गयी है। जी0एस0टी0 लागू होने के कारण आउट सोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक मदों में 10 प्रतिशत की अनुपातिक रूप से वृद्धि की गयी है।
2. मद सं0 2030304 **ईधन ( डीजल/पेट्रोल/मोविलऑयल )** में रूपये 450.00 लाख व्यय का प्राविधान किया गया है।
3. मद सं0 2040103 **विद्युत सामग्री क्रय** में रू0 400.00 लाख एवं मद सं0 2040109 नये विद्युत पोल /हाईमास्क लाइट तथा पार्को में लाइट व्यवस्था एवं **हाईटेंशन लाइट शिपिटिंग** में रू0 600.00 लाख का प्राविधान किया गया है, जिसके अन्तर्गत वार्डो में नये विद्युत खम्बों की स्थापना कर मार्ग प्रकाश व्यवस्था को व्यवस्थित किया जायेगा।
4. मद सं0 2040107 सौर ऊर्जा मार्ग प्रकाश ( डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सौर पुंज योजना ) में रू0 250.00 लाख तथा मद सं0 2040108 यातायात दिशा दर्शक हेतु रू0 25.00 लाख का प्राविधान किया गया है।

Ramtirth

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

5. मद सं0 2040201 **जंगली / आवारा / विक्षिप्त पशुओं** को पकड़ने एवं छोड़ने में व्यय रू0 15.00 लाख एवं मद सं0 2040202 कुत्तों का बधियाकरण में रू0 20.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
6. मद सं0 2040503 **पार्क एवं उद्यान निर्माण** पूँजीगत व्यय में नगर के पार्क निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु रू0 500.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
7. मद सं0 20613 **शमशान घाट / कब्रिस्तान निर्माण एवं मरम्मत हेतु** रू0 200.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
8. मद सं0 20705 से 20709 तक **सडक निर्माण / वार्षिक मरम्मत / रखरखाव** तथा नाली निर्माण / रख रखाव कार्य हेतु रू0 4200.00 लाख का व्यय प्रस्तावित किया गया है। मद सं0 20709 नगरीय अवस्थापना निधि से निर्माण एवं विकास कार्य हेतु रू0 1000.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
9. नगर विकास हेतु भारत सरकार की मंशा के अनुरूप सर्विस लेबिल बैंच मार्क के अन्तर्गत मूलभूत सुविधायें एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट हेतु मद संख्या 24101 **14वाँ वित्त आयोग निधि** में रू0 3500.00 लाख का व्यय प्राविधान किया गया है।
10. मद सं0 24102 **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन / यू0आई0डी0एस0एम0टी0** में रू0 200.00 लाख का प्राविधान, यू0आई0डी0एस0एम0टी0 मद के अन्तर्गत किया गया है।
11. भारत सरकार की **अमृत योजना** के अन्तर्गत बजट मद सं0 24104 रू0 500.00 लाख का प्राविधान किया गया हैं।
12. भारत सरकार की **स्वच्छ भारत मिशन योजना** के अन्तर्गत बजट मद सं0 24106 रू0 600.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
13. भारत सरकार की **स्मार्ट सिटी योजना** के अन्तर्गत बजट मद सं0 24107 रू0 200.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
14. राज्य सरकार की **कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु** आश्रय योजना के अन्तर्गत बजट मद सं0 24303 रू0 150.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
15. राज्य सरकार की **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना** के अन्तर्गत बजट मद सं0 24304 रू0 150.00 लाख का प्राविधान किया गया है।

उपरोक्तानुसार मूल बजट वर्ष 2018–19 में रू0 23645.05 लाख कुल आय तथा रू0 23630.30 लाख कुल व्यय प्रस्तावित किया गया है।वित्तीय वर्ष 2018–19 का मूल बजट मा0 सदन के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय**– सर्वसम्मति से स्वीकृत।

**श्री कन्हैया कपूर मा0 पार्षद** ने कहा कि डीजल पैट्रोल पर ज्यादा व्यय हो रहा है, उस पर अंकुश लगाने के लिये पिछले बोर्ड के कार्यकाल में नगर निगम के गैरेज में पैट्रोल पम्प का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था, उस पर क्या कार्यवाही की गयी।

Ramtirth
(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

**श्री दिनेश प्रताप मा0 उपसभापति** ने कहा कि उक्त प्रस्ताव डीजल चोरी/लीकेज रोकने के उद्देश्य से लाया गया था जो अधिकारी वर्ग की मर्जी से अमल में नही लाया जा सका।

**नगर आयुक्त जी** ने बताया कि लखनऊ नगर निगम का पैट्रोल पम्प है।

**मा0 महापौर जी** ने कहा कि नगर निगम का पैट्रोल पम्प लगाये जाने की कार्यवाही तत्काल प्रारम्भ की जाये।

**श्री कन्हैया कपूर मा0 पार्षद** ने कहा कि वर्तमान में सीमेन्ट एवं बालू मँहगी होने के कारण सदन की बैठक में प्रत्येक वार्ड में सडक निर्माण एवं नाली मरम्मत/निर्माण से सम्बन्धित प्रस्ताव रू0 दो लाख से बढाकर धनराशि रू0 पाँच लाख की जाये।

**श्री विमल किशोर मा0 पार्षद** ने कहा कि हमारा शहर स्मार्ट सिटी से बहुत दूर है। महानगर के सभी वार्डो में विकास के कार्य कराये जाने के प्रस्ताव स्वीकृत कर कार्य कराये जाये।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि स्मार्ट सिटी का बजट शीघ्र दो–चार दिन में प्राप्त हो जायेगा जिसमें से रू0 1400 करोड की धनराशि से प्रथम चरण में चिन्हित तेरह वार्डो मसीहागंज, तालपुराप्रथम, खुशीपुराप्रथम, तालपुराद्वितीय, सिविललाईन दक्षिण भाग प्रथम, सिविललाईन दक्षिण भाग द्वितीय, डडियापुरा द्वितीय, बाहर खण्डेरावगेट, सिविल लाईन पश्चिमी भाग,सिविल लाईन उत्तरी भाग,आजादगंज, सीपी मिशन कम्पाउण्ड, नानकगंज, में विकास कार्य होना है, जिसमें पेयजल आपूर्ति, बिजली, सुरक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, के लिये काम होगा तथा यहाँ के निवासियों को 24 घण्टे पानी बिजली मिले तथा सफाई बेहतर रहे। रू0 400 करोड की धनराशि से अन्य वार्डों में विकास कार्य होंगे।

**श्री विमल किशोर मा0 पार्षद** ने कहा कि महानगर में कितने आवारा पशु एवं कुत्ते पकडने की कार्यवाही की गयी है तथा जिस कम्पनी द्वारा लाइटें लगाई जा रही है उसका नाम बतायें तथा कम्पनी द्वारा ऐंगिल पर पूर्व में लगी लाइटों के स्थान पर नई एल0ई0डी0 लाइटें नही लगाई जा रही है।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि 60 वार्डो के सापेक्ष 40 वार्डो में स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार रू0 दो लाख के निर्माण कार्यो से सम्बन्धित निविदायें आ चुकी है, जो निविदा कमेटी से स्वीकृत करा दी गयी है। शेष 20 वार्डो के निर्माण कार्यो की निविदायें माह के अन्तिम सप्ताह में करा दी जायेंगी।

**श्री पुष्पेन्द्र मा0 पार्षद** ने कहा बजट में 60 वार्डों में शमशान घाट /कब्रिस्तान पर रू0 दो करोड का बजट प्रस्तावित किया गया है जो कम है।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा 14वें वित्त आयोग से 1 साल में बढाया नही जा सकता है। यदि जरूरत होगी तो पुनरीक्षित बजट में बढा दिया जायेगा।

**श्री छोटेलाल मा0 पार्षद** ने कहा कि वार्ड में सडक निर्माण एवं नालियों तथा पुलियों के निर्माण कराने हेतु प्रस्ताव स्वीकृत करें।

**श्री महेश गौतम मा0 पार्षद** ने कहा कि रू0 42.00 करोड के बजट के प्राविधान के अन्तर्गत यदि किसी वार्ड में काम नही है तो उस वार्ड के फण्ड से दूसरे वार्ड में निर्माण कार्य कराया जाये।

Ramtirth

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

**श्री जुगल किशोर मा0 पार्षद** ने कहा कि उनके वार्ड में घरेलू कनेक्शन, नलों के पाइप नालियों से निकले है। लीकेज होने पर प्रदूषित पानी घरों में आता है। अतः पाईप अन्डरग्राउण्ड सिफ्ट कराये जायें।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि ग्वालियर रोड पर सडक के चौडीकरण का कार्य चल रहा है । आयुक्त झाँसी मण्डल झाँसी की अध्यक्षता में गठित कमेटी की स्वीकृति पर निर्माण कार्य हो रहा है।

**मा0 महापौर जी** ने कहा कि जलसंस्थान के अधिकारी बैठक में उपस्थित है। वह ग्वालियर रोड पर कम गहराई पर डाली गयी पाइप लाइन को चौडीकरण करने से पहले प्राथमिकता के आधार पर एक किनारे सिफ्ट करा दें, जिससे नई बनाई गयी सडक पूर्ण रूप से सुरक्षित रहे। सडक के बीचों बीच डिवाइडर का भी निर्माण कराया जाना है।

**श्रीमती प्रियंका साहू मा0 पार्षद** ने कहा कि लक्ष्मीगेट से मण्डी रिसाला चुंगी तक का निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। मार्ग के तीन नाले तोड दिये गये है, आम आदमी को आवागमन में कठिनाई हो रही है। वाहनों से गिरकर चोटिल हो रहे है। निर्माण कार्य भी घटिया स्तर का हो रहा है। अतः निर्माण कार्य की टी0ए0सी0 जाँच कराई जाये।

**श्री कन्हैया कपूर मा0 पार्षद** ने कहा कि सैप्टिक टैंक सफाई की आय बहुत कम दर्शायी गयी है।

**प्रभारी गैरिज** ने बताया कि सैप्टिक टैंक की सफाई का कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। नगर निगम द्वारा ट्रैक्टर के साथ सक्शन मशीन टैंकर सहित ठेकेदार को उपलब्ध कराया गया है। एक टैंकर का ठेकेदार द्वारा रू0 1500 प्रति ट्रिप चार्ज लिया जाता है। शासकीय कार्यालयों के टैंक की सफाई निःशुल्क की जाती है।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मा0 महापौर जी** ने कहा कि प्राइवेट ठेका न देकर अपने कर्मचारियों से टैकों की सफाई करायी जाये।

**श्री महेश गौतम मा0 पार्षद** ने कहा कि वार्ड नं0–16 मसीहागंज के पास काशीराम पार्क के पास मैला की टौरिया डम्पिंग स्थल पर दुर्गन्ध के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है। आस पास के रहने वाले लोग कई तरह की बीमारियों के शिकार हो रहे है। अतः वहाँ पर पाइप डालकर उसकी जहरीली गैस निकासी का प्रबन्ध किया जाये।

**श्री कन्हैया कपूर मा0 पार्षद** ने कहा कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर नगर निगम द्वारा करोडों रूपये का व्यय किया जा रहा है जिसका लाभ आम जनता को नही मिल रहा है।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि पूरे नगर में प्लास्टिक वेस्ट परियोजना द्वारा आम नागरिक को जागरूक कर सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साठ वार्डो में दो वार्डो के मध्य 1 पोटाकेबिन लगाया गया है। उक्त पोटाकेबिन कबाडियों को दिये गये है।

**श्री सुरेन्द्र साहू मा0 पार्षद** ने कहा कि उनके वार्ड में झडाऊ शौचालय है, जिनको तुडवाने के लिये क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक से शिकायत की गयी तथा एक तबेले वाले का चालान करने के लिये श्री जितेन्द्र तिवारी सफाई निरीक्षक से कहा गया लेकिन शिकायत पर कोई कार्यवाही नही की गयी। वार्ड में छोटी माता मन्दिर के पास पाताली कुआं की सफाई के नाम पर रू0 दो लाख का भुगतान किया गया है, लेकिन कुयें की बिल्कुल सफाई नही की गयी थी।

Ramtirth

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

**श्री जितेन्द्र तिवारी** खाद्य एवं सफाई निरीक्षक ने बताया कि झडाऊ शौचालयों की जानकारी संज्ञान में नही है। गोबर डालने वाले स्थल पर सफाई करा दी गयी है, तथा उसका चालान कर न्यायालय में भेज दिया गया है।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि श्री जितेन्द्र तिवारी की यह संवाद हीनता है। मा0 पार्षद से संपर्क कर समस्या का निस्तारण करायें।

**मा0 महापौर जी** ने कहा कि श्री जितेन्द तिवारी को उस क्षेत्र में पाँच वर्ष हो गये है, इनको इस क्षेत्र की जानकारी नही है। अतः इनकी जाँच कराकर इनके खिलाफ कार्यवाही करिये।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि सभी साठ वार्डो में अभी 28 हवलदार स्वीकृत पद के अनुसार दो वार्डो में एक हवलदार से कार्य लिया जा रहा है, शीघ्र ही बाकी कार्यवाहक हवलदार बनाकर साठ वार्डो में एक–एक हवलदार से कार्य कराया जायेगा। सभी सफाई कर्मचारियों की वायोमैट्रिक उपस्थिति ली जा रही है।

**श्री अविनाश यादव मा0 पार्षद** ने कहा कि सफाई कर्मचारी जिस वार्ड के निवासी है, वह उसमें कार्य नही करेंगे, उन्हें दूसरे वार्डो में कार्य पर लगाया जाये।

**श्री दिनेश सिंह मा0उपसभापति** ने कहा कि मा0 सदन में उपस्थित सम्मानित महिला पार्षदों के सुझाव आमंत्रित किये जाये।

**मा0 महापौर जी** ने कहा कि में उपसभापति के विचार से सहमत हूँ। कृपया एक–एक करके अपने विचार रखें।

**श्रीमती सुशीला दुबे मा0 पार्षद** ने कहा कि सीपरी बाजार कच्चे पुल से आवागमन में रात्रि के समय चैन स्नैचिंग हो जाती है। अतः सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगवाये जाये ,तथा बलिदान पार्क के पास एक टॉयलेट बनवाया जाये तथा नगर निगम द्वारा अन्तिम यात्रा वाहन क्रय कर व्यवस्था करायी जाये, जिसका यूजर चार्ज निर्धारित कर दिया जाये।

**मा0 महापौर जी** ने कहा कि नगर निगम द्वारा दो अन्तिम यात्रा वाहन तैयार करा ले तथा यूजर चार्ज रू0 100/ निर्धारित किया जाता है।

**श्रीमती उर्मिला मा0 पार्षद** ने कहा कि उनके वार्ड में पानी की समस्या है।

**नगर आयुक्त** जी ने कहा कि झाँसी में पेयजल एक गम्भीर समस्या है। मा0 मण्डलायुक्त, मा0 महापौर जी चिंतित है, जल संस्थान के श्री आर0के0 यादव जनरल मैनेजर उपस्थित है। कृपया समस्या को नोट करलें तथा इसका जबाब भी देंगे।

**श्रीमती अंशु राय मा0 पार्षद** ने कहा कि मुरली मनोहर मंदिर के पास बडे बाजार में आपे टैंपो खडे हो जाते है, जिससे दुपहिया वाहन एवं पैदल निकलने वाले राहगीरों को कठिनाई होती है इनको व्यवस्थित करने के लिये कार्यवाही की जाये। वार्ड में शौचालय का टैंक खुला है जिसको बन्द कराया जाये। वार्ड में पानी की कमी है, पुराने बने हुये कुयें की सफाई कराई जाये।

**श्री एम0एल0 त्रिपाठी अवर अभियन्ता** ने बताया कि श्री परिहार ठेकेदार को तीन बार फोन किया उन्होने फोन अटैण्ड नही किया उन्हें नोटिस जारी कर दिया गया है।

**श्री मुकेश सोनी मा0 पार्षद** ने कहा कि उनके वार्ड में पुराने कुये की सफाई का ठेका नहीं हुआ है।

**श्री दिनेश प्रताप मा0 पार्षद** ने कहा. कि कुये की सफाई का कार्य कुटेशन के माध्यम से करा लीजिये।

Ramtirth
(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

**नगर आयुक्त** जी ने कहा कि लगभग 25 कुये साफ कराये जा चुके है। निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करने पर चार ठेकेदारों की सिक्योरिटी जब्त करने व ठेका निरस्त करने की कार्यवाही तथा एक अवर अभियन्ता के विरूद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्यवाही कर दी गयी है।

**श्रीमती ममता मा0 पार्षद** ने कहा कि पाल कॉलोनी में रेलवे क्रासिंग से मछली घर तक वर्षो से रास्ता खराब है उसको बनाया जाये।

**श्री एम0के0जैन अवर अभियन्ता** ने कहा कि लगभग 1 कि0मी0 लम्बी पुरानी सडक बनी है वहाँ पर केवल 15–20 घर बने है उसके निर्माण पर लगभग 50 लाख रू0 व्यय होगा।

**श्रीमती प्रियंका साहू मा0 पार्षद** ने कहा कि श्याम चौपडा शमशान घाट की बाउण्ड्री टूट गयी है, उसको सही कराया जाये। वार्ड में 200 –250 खम्बों पर लाइटें नही है तथा शान्ति भवन गल्ला मण्डी रोड पर बरसात में जलभराव होता है। वार्ड में पानी की पाइप लाइन नही है कई जगह पाइप लाइन लीकेज होने के कारण दूषित पानी पहुँचता है। वार्ड में सफाई कर्मचारियों की कमी है।

**नगर आयुक्त जी** ने बताया कि लक्ष्मीगेट से गल्ला मण्डी रोड पर सडक चौडीकरण का कार्य कराया जा रहा है। रास्ते में किये गये अतिक्रमण को तुडवा दिया गया है। बनी पुलिया के वेड में कन्वर्ट का निर्माण कराया जा रहा है जिससे जलभराव की समस्या का निस्तारण हो जायेगा।

**श्री सुनील नैनवानी मा0 पार्षद** ने कहा कि उनके वार्ड में 24 सफाई कर्मचारी है, वह उपस्थिति लगाकर चले जाते है। सफाई कर्मचारियों की कार्यशैली की जाँच करायें।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि वार्डो में जितने भी सफाई कर्मचारी है, उन्ही से सफाई व्यवस्था करायें। यदि सफाई में सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदार सफाई निरीक्षक को निलम्बित कराने की कार्यवाही कराई जायेगी।

**श्री सुनील नैनवानी मा0 पार्षद** ने कहा कि ई0ई0एस0एल कम्पनी द्वारा 70 वाट की जगह 35 वाट की लाइटें लगाई जा रही है, इसकी जाँच कराई जाये।

**श्रीमती कान्ति छत्रपाल मा0 पार्षद** ने कहा कि मेंहदीबाग से निकले नाले से बरसात में जलभराव की समस्या हो जाती है, जिसका स्थाई समाधान किया जाये।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि हम लोग टीम के साथ भ्रमण कर समस्या का निराकरण करायेंगे।

**श्री प्रदीप नगरिया मा0 पार्षद** ने कहा कि एक वार्ड में कितने हैण्डपम्प लगेंगे।

**श्री अनिल सोनी मा0 पार्षद** ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में कम से कम पाँच–पाँच हैण्डपम्प लगाये जायें।

**श्री अब्दुल जाविर मा0 पार्षद** ने भी श्री अनिल सोनी के प्रस्ताव का समर्थन किया।

**श्री महेश गौतम मा0 पार्षद** ने कहा कि जिस संस्था को हैण्डपम्प लगाने का आदेश दें उसकी समय सीमा निश्चित कर दी जाये।

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि हैण्डपम्प मानक के अनुरूप तथा समय के अन्तर्गत ही लगाये जायेंगे।

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

**श्री आर0 के0 यादव जी0एम0** जल संस्थान ने बताया कि महानगर में पेयजल की समस्या है। नगर में कुल 3286 हैण्डपम्प लगे है, जिनमें 3040 चालू हालात में हैं। 30 हैण्डपम्प खराब होने की शिकायत प्रतिदिन आ रही है। चार टीमें हैण्डपम्प रिपेयरिंग का कार्य कर रही है, जिससे आधे हैण्डपम्प ही ठीक हो पा रहे है। 36 टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जाती है जिसमें 30 टैंकरों की रिपेयरिंग हो गयी है शेष 06 टैंकरो की रिपेयरिंग कराई जा रही है। जल संस्थान में एक ही ट्रैक्टर है शेष ट्रैक्टर आवश्यकतानुसार किराये पर लिये जाते है। सत्यापन के पश्चात ट्रैक्टर किराये का भुगतान होगा।

**श्री गोविन्दनाथ मा0 पार्षद** ने कहा कि एक टीम पूरे दिन में एक हैण्डपम्प ही ठीक करती है।

**श्री अमन मा0 पार्षद** ने कहा कि जलसंस्थान द्वारा भेजी गयी, हैण्डपम्प रिपेयरिंग टीम के पास सामान नहीं रहता है।

**श्री छोटेलाल मा0 पार्षद** ने कहा कि वार्ड में तीन हैण्डपम्प खराब है, तीन महीने से परेशानी हो रही है।

**श्री विद्या प्रकाश दुबे मा0 पार्षद** ने कहा कि पाइप लाइन में कीड़े आ रहे है।

**श्री अब्दुल जाविर मा0 पार्षद** ने कहा कि वार्ड में लीकेज हैण्डपम्प ठीक नही हो पा रहे है। रिपेयरिंग करने वाला स्टाफ हैण्डपम्प का सामान निकाल ले जाते है।

**श्री किशोरी मा0 पार्षद** ने कहा कि वार्ड के सभी हैण्डपम्प खराब हो चुके है। 43 हैण्डपम्पों की सूची संलग्न कर कार्यवाही के लिये भेज दी गयी है।

**श्री लखन कुशवाहा मा0 पार्षद ने कहा** कि वार्ड में खण्डेराव गेट पुलिस चौकी के पास जल संस्थान द्वारा मेन लाइन में लगाये गये वाल्व में लीकेज के कारण सारे दिन आपे व ऑटो ड्राइवर गाडियाँ साफ करते है, वही गढढे में भरे प्रदूषित पानी को आपूर्ति के समय पीने के लिये मजबूर होते है।

**नगर आयुक्त जी** ने जल संस्थान के जी0एम0 श्री आर0के0यादव से कहा कि आप जल संस्थान के सभी आठ जे0ई0 की प्रतिदिन शाम को छह बजे समीक्षा करें तो समस्या का निश्चित रूप से समाधान होगा।

**श्रीमती कान्ति छत्रपाल मा0 पार्षद** ने कहा कि खराव हैण्डपम्प की कम्पलैन्ट फोन पर दर्ज होनी चाहिये।

**मा0 महापौर जी ने कहा** कि जी0एम0 से अनुरोध है कि पानी की बिकराल समस्या है लेकिन पानी की समस्या का समाधान करना है। तीन माह के लिये नगर में एक कण्ट्रोल रूम की स्थापना कर दीजिये समस्या का समाधान सम्भव होगा।

**श्री आर0 के0 यादव जी0एम0** ने कहा कि महानगर में 3286 हैण्डपम्प है। माह दिसम्बर से कर्मचारियों की सैलरी नही दे पा रहे है। अभी हैण्डपम्प मरम्मत के लिये 300 पाइप मँगवाये थे जिनसे रिपेयरिंग का कार्य कराया जा रहा है। कुछ धनराशि नगर निगम से मिल जाये तो समस्या में कुछ सुधार होगा।

**श्री दिनेश प्रताप मा0उपसभापति** ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में तीन–तीन हैण्डपम्प लगवा दिये जायें।

**अवर अभियन्ता जल संस्थान** ने कहा कि नया हैण्डपम्प लगाने पर रू0 81 हजार का व्यय होगा, जिसमें 24.50 प्रतिशत (कर) जी0एस0टी0 सहित सम्मिलित है।

Ramtirth
(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

**श्री महेश गौतम मा0 पार्षद** ने कहा कि पिछले वर्ष नया हैण्डपम्प रू0 48 हजार में लगाया गया था इनकी दरें बहुत अधिक है। नगर निगम स्वयं निविदा निकालकर हैण्डपम्प लगवाने का कार्य करायें।

**मा0 महापौर ने** कहा कि 14 वें वित्त आयोग से कुछ धनराशि जल संस्थान को दे दी जाये तो जल संस्थान द्वारा **सभी वार्डों में दो–दो** हैण्डपम्प तथा जिन वार्डो में पाइप लाइन नही है ऐसे **( पेयजल संकट ग्रस्त ) वार्डो में तीन–तीन हैण्डपम्प लगवाये जायेगें।**

**नगर आयुक्त जी** ने कहा कि 14 वें वित्त आयोग से जल संस्थान को **किश्तों में धनराशि** उपलब्ध करा दी जायेगी। पार्षदों द्वारा बताये गये स्थलों पर हैण्डपम्प लगवा दिये जाये जिससे नगर में पानी की समस्या का समाधान हो जायेगा।

**श्री निर्दोष अग्रवाल मा0 पार्षद** ने कहा कि बडा बाजार मालिनों के चौराहे पर पानी की टंकी के पास मूत्रालय/शौचालय का निर्माण कराया जाये ।

**श्रीमती कान्ति छत्रपाल मा0 पार्षद** ने कहा कि वार्ड की पठला ( पाताली हनुमान ) हनुमान मन्दिर के पास नगर निगम की जमीन पर शौचालय का निर्माण कराया जाये।

**अन्य प्रस्ताव–** कानपुर चुंगी स्थित चौराहे का नामकरण महाराजा अग्रसेन चौक रखने तथा तिकोनिया को महाराजा अग्रसेन वाटिका के नाम पर सौन्दर्यकरण के प्रस्ताव पर विचार।

**विचार विमर्श–** नगर आयुक्त जी ने बताया कि श्री विद्या प्रकाश दुबे मा0 पार्षद के पत्र दिनाँक 16.03.2018 के साथ संलग्न पत्र अग्रवाल रॉयल्स की माँग पर कानपुर चुंगी स्थित चौराहे का नामकरण ''महाराजा अग्रसेन चौक'' रखने तथा चौराहे एवं कब्रिस्तान के निकट स्थित नगर निगम की तिकोनिया भूमि को महाराजा अग्रसेन के नाम पर अग्रवाल रॉयल्स को पी0पी0पी0 मॉडल पर विकसित कर सौन्दर्यकरण का प्रस्ताव मा0 सदन के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया है।

**निर्णय– सर्वसम्मति से प्रस्ताव ध्वनि मत से स्वीकृत किया गया।**

**मा0 महापौर जी** ने कहा कि तहसील के पास नवनिर्मित दुकानों की नीलामी की प्रकिया एक माह में सम्पन्न कराने तथा होर्डिंग्स के बारे में एकाधिकार समाप्त कर कार्ययोजना बनायें। ई0ई0एस0एल0 कम्पनी द्वारा लगायी जा रही लाइटों के कार्य से मा0 पार्षदगण संतुष्ट नहीं है। यदि संभव हो तो शेष वार्डों में ई0ई0एस0एल0 कम्पनी से लाइट न लगवाई जाये, उन्होंने कहा वर्तमान बोर्ड के पार्षदों के क्रिकेट मैच के आयोजन की तिथि भी शीघ्र निश्चित करेंगे।

**नगर आयुक्त जी** ने बताया कि तहसील के पास नवनिर्मित 25 दुकानों का निर्माण अभियन्त्रण विभाग द्वारा कराया गया है। सम्पत्ति विभाग द्वारा प्रीमियम का निर्धारण कर नीलामी की प्रक्रिया आवंटन/ वार्षिक मूल्याँकन के आधार पर किराया निर्धारित कर करा दी जायेगी।

**श्रीमती कान्ति छत्रपाल मा0 पार्षद** ने कहा कि आँतिया तालाब का नगर निगम द्वारा करोडों रूपये खर्च कर सौन्दर्यकरण कराया गया है, वहाँ पर लगी सभी लाइटें बन्द पडी है। उन्हें शीघ्र ठीक कराई जाये।

Ramtirth

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

**श्री विद्या प्रकाश दुबे मा0 पार्षद** ने कहा कि दिनाँक 18.03.2018 से नवरात्र पर्व प्रारम्भ हो रहा है सभी को नवसम्बतसर एवं नवरात्रि की शुभकामनायें। महानगर के सभी वार्डों में मन्दिरों के आस–पास सफाई कराकर चूना डलवाने हेतु सफाई निरीक्षक को निर्देशित करें।

**श्री लखन कुशवाहा मा0 पार्षद** ने कहा कि आँतिया तालाब के पीछे नगर निगम की खाली भूमि पर क्या कार्यवाही की गयी है।

**नगर आयुक्त जी ने कहा** कि श्री एस0के0 श्रीवास्तव नगर निगम अधिवक्ता के साथ इस सम्बन्ध में विचार विमर्श करने पर उन्होने बताया कि उक्त स्थल की भूमि का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। मा0 हाईकोर्ट के निर्णय के अनुसार उस पर कार्यवाही की जायेगी।

**श्री दिनेश प्रताप मा0 पार्षद** ने कहा कि मेरा सभी पार्षदों से अनुरोध है कि सदन की बैठक के **10 दिन पहले** अपने अपने वार्डो की समस्याओं/शिकायतो के सम्बन्ध में **पत्र दे दें** तो **सभी अधिकारी बैठक में तैयारी से आयेंगे।**

**सभाकक्ष में उपस्थित सभी पार्षदों ने प्रस्ताव का समर्थन किया।**

**नगर आयुक्त** जी ने सदन की बैठक में उपस्थित मा0 महापौर, सभी मा0 पार्षदगणों, एवं सभी पत्रकार बन्धुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

अन्त में **मा0 महापौर** जी ने सदन की बैठक समाप्त करने की घोषणा की।

( रामतीर्थ सिंघल )
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी।

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी